Govt.of MadhyaPradesh

Office of the Field Director

Panna Tiger Reserve

Panna, Madhya Pradesh, (India)

Phone No. +917732-252135 (O) **Fax,** +917732-252120
E-mail: fdptr82@gmail.com **Website:** www.pannatigerreserve.in

मध्य प्रदेश शासन

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

परिक्षेत्र पन्ना बफर के ग्राम सब्दुआ एवं बनहरी में दिनांक 04.07.2014 को की गई सर्चिग में 1.5 घ.मी. से अधिक सागौन लकड़ी जप्त

मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 04.07.2014 को परिक्षेत्र पन्ना (बफर) के बीट सब्दुआ के ग्राम सब्दुआ एवं ग्राम बनहरी में अवैध सागौन व्यापार की जानकारी प्राप्त होने पर राम स्वरूप पिता खिलइयां निवासी ग्राम सब्दुआ, लक्खू पिता खिलैया निवासी सब्दुआ, कमलेश पिता बिहारी निवासी सब्दुआ एवं जागेश्वर पिता शारदा निवासी ग्राम बनहरी के मकानों की सर्च वारण्ट क्रमांक 4/10, 4/11, 4/12, एवं 4/13 के तहत ग्राम सब्दुआ के तीन एवं बनहरी के एक घर की सर्च की गई। सर्च के दौरान 192 नग सागौन लकड़ी एवं एक नग सोफा सेट तथा अन्य सामग्री जप्त की गई। लकडी की कुल माप 1.618 घ.मी. है। आरोपियों के घरों से इलेक्ट्रिक आरा मशीन सहित कुल 141 नग औजार (आरा, बसूला, रोखना, रमदा, आदि) जप्त किये गये। सब्दुआ निवासी लक्खू एवं कमलेश मौके पर नहीं मिले। राम स्वरूप पिता खिलइयां निवासी सब्दुआ एवं जागेश्वर पिता शारदा निवासी बनहरी को गिरफ्तार किया गया है। इनके विरुद्ध पी.ओ.आर. क्रमांक 2924/25 दिनांक 04.07.2014 एवं 606/4 दिनांक 04.07.2014 जारी किया गया है। लक्खू पिता खिलैया एवं कमलेश पिता बिहारी निवासी सब्दुआ मौके से फरार हो गये है। इनके विरुद्ध क्रमशः पी.ओ.आर. क्रमांक 606/5 एवं 606/6 दिनांक 04.07.2014 जारी किया जा कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। फरार अपराधियों की खोज जारी है। इस सम्पूर्ण सर्च की कार्यवाही श्री वेस्ता अखाड़िया, परिक्षेत्र अधिकारी पन्ना बफर, श्री अनिल कुमार नेती, परिक्षेत्र अधिकारी मड़ला, श्री राजेश रन्धावा, वन क्षेत्रपाल, कु. तुष्टि सिंह चौहान, वन क्षेत्रपाल (प्रशिक्षु), श्री गोकुल सिंह परिक्षेत्र सहायक भुसौर, श्री घनश्याम सिंह परिक्षेत्र सहायक पन्ना बफर, श्री राम प्रसाद पटेल, वन रक्षक, श्री पूरन लाल कुशवाहा वन रक्षक,एवं श्री संदीप सिंह चौहान, वन रक्षक केद्वारा सम्पन्न की गई।

"जय हिन्द"

दिनांक –05.07.2014

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना